राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 13

समूह और नेतृत्व

कार्यपत्रक - 13

1. "समूह समाज के बुनियादी घटक हैं"। दिए गए कथन की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए।

2. 'समूह' की परिभाषा लिखिए। हमारे दैनिक सामाजिक जीवन में समूह के महत्व की चर्चा कीजिए। कम से कम 5 सामाजिक-भावनात्मक आवश्यकताओं की सूची बनाएं जिन्हें समूह एक व्यक्ति में पूरा करते है।

3. उन समूहों की पहचान करें जिनका आप हिस्सा हैं और इन समूहों की एक सूची बनाएं। बताएं कि ये समूह एक दूसरे से कैसे भिन्न हैं और एक सदस्य के रूप में इन समूहों में से प्रत्येक में आपका योगदान कैसे भिन्न है।

4. भले ही अलग-अलग समूहों के अलग-अलग लक्ष्य हों, फिर भी हर समूह में कुछ समान विशेषताएं होती हैं। उस समूह की कम से कम पांच विशेषताओं पर चर्चा करें जिसमे आप समूह के नेता के रूप में शामिल होना चाहते हैं।

5. हम मनुष्य लगभग हर चीज का वर्गीकरण करते हैं क्योंकि वर्गीकरण का एक अनुकूली कार्य होता है। समूहों के संदर्भ में वर्गीकरण के पक्ष-विपक्ष लिखिए।

6. एक समूह का प्रदर्शन विभिन्न कारकों से प्रभावित होता है। ऐसे कम से कम पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए।

7. निम्नलिखित सवालों का जवाब दें:

   क) "यह पाया गया है कि पार्क में साइकिल चालक या जॉगर्स घड़ी के खिलाफ अकेले दौड़ करने की तुलना में दुसरो के साथ ज्यादा तेज दौड़ते हैं"। दिए गए उदाहरण में घटित होने वाली परिघटना को पहचानिए और उसकी व्याख्या कीजिए।

   ख) आपकी कॉलोनी में, 20 लोगों के एक समूह ने गली के कुत्तों और बिल्लियों का टीकाकरण करने का फैसला किया। इस समूह में लगभग सभी ने लक्ष्य प्राप्त करने में

योगदान दिया। लेकिन कुछ लोगों ने योगदान नहीं दिया। इस घटना को क्या कहा जाता है? समझाए।

8. बताएं कि औपचारिक समूह अनौपचारिक समूहों से कैसे भिन्न होते हैं। अपने समुदाय में किसी एक औपचारिक और अनौपचारिक समूह की पहचान करें और इसके आधार पर एक रिपोर्ट लिखिए;

   - समूह की गतिविज्ञान
   - समूह विकास चरण
   - समूह के लक्ष्य
   - समूह का आकार

9. समूह विकास की चार उत्क्रमण अवस्थाओं की विवेचना कीजिए। अपने दैनिक जीवन समूहों में इनमें से कम से कम दो चरणों की पहचान करने का प्रयास कीजिए।

10. आप औपचारिक या अनौपचारिक तरीके से कई समूहों के सदस्य हैं। शायद आपने अनुभव किया हो कि व्यक्ति के प्रदर्शन पर समूह का प्रभाव सकारात्मक या नकारात्मक हो सकता है। व्यक्ति के प्रदर्शन पर समूह के प्रभाव और समूह पर व्यक्ति के प्रभाव पर चर्चा कीजिए।